# शेखावाटी हस्तशिल्प मेला 2026 का शुभारंभ

■ यूडीएच मंत्री खर्रा ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ मेले का शुभारंभ किया

**सीकर,** (निसं)। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र तथा जिला प्रशासन, सीकर द्वारा आयोजित शेखावाटी हस्तशिल्प मेला 2026 का शुभारंभ शनिवार को अर्बन हाट, जयपुर रोड, सीकर में भव्य रूप से किया गया।

मेले का उद्घाटन नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ फीता काटकर तथा सफेद गुब्बारे उड़ाकर किया।

यूडीएच मंत्री खर्रा ने मेले में लगी पंच गौरव प्रदर्शनी, हस्तशिल्प उत्पादों एवं राजीविका की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण कर उत्पादों एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खर्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार निरंतर हस्तशिल्प कला को बढ़ावा दे रही है, ताकि देश आत्मनिर्भर बने।

उन्होंने सभी से अपील की कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर देश की आत्मनिर्भरता में योगदान दें। उन्होंने बताया कि कुटीर उद्योगों एवं स्टार्टअप्स के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। युवा विदेशों में लाखों-करोड़ों की नौकरियाँ छोड़कर स्वदेश में स्टार्टअप शुरू कर रहे हैं, जो देश को स्वावलंबी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा सभी लोग स्वदेशी को अपनाएँ, ताकि युवा अपने स्टार्टअप्स के माध्यम से नए अनुसंधान एवं उत्पाद विकसित कर सकें और 2047 तक देश की आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर भारत को पूर्णतः विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाया जा सके

पंच गौरव योजना के प्रभारी अधिकारी डॉ. अनिल शर्मा ने बताया कि मेले के दौरान पंच गौरव प्रदर्शनी लगाई गई है। इसमें जिले के पाँच गौरव- एक जिला एक उत्पाद (लकड़ी का फर्नीचर), खेल (बास्केटबॉल), उपज (प्याज), पर्यटन स्थल (खाटू श्यामजी) तथा वनस्पति (अरडू) को शामिल कर आमजन को जागरूक किया जा रहा है।

जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक विकास सिहाग ने जानकारी दी कि मेले में 100 से अधिक स्टॉल्स लगाई गई हैं। इनमें कश्मीरी ऊनी वस्त्र, हैंडलूम वस्त्र, मोजड़ियाँ, रेडीमेड गारमेंट्स, इमीटेशन ज्वैलरी, हस्तशिल्प फर्नीचर, लाख एवं टेराकोटा उत्पाद, तथा हस्तनिर्मित खाद्य पदार्थ प्रमुख हैं। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा भी स्टॉल्स लगाए गए है जिनमें पापड़, मंगौड़ी, बाजरा, रागी, ज्वार एवं मक्का के बिस्किट-लड्डू, नमकीन, बच्चों के खिलौने, रेजिन आर्ट उत्पाद, सॉफ्ट टॉयज, कॉस्मेटिक्स, हैंडीक्राफ्ट गारमेंट्स, लाख के बैंगल्स आदि उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं। ये स्टाल हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान कर रहे हैं।

कार्यक्रम में जिला कलक्टर मुकुल शर्मा, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व विधायक सीकर रतन लाल जलधारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर रतन कुमार, यूआईटी सचिव जे.पी. गौड़, सहायक निदेशक पर्यटन अनु शर्मा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह शेखावत, जिला समन्वयक राकेश कुमार लाटा, सुरेश अग्रवाल, ईश्वर सिंह राठौड़ सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

**पाटन** (निसं)। कस्बे के राजकीय महाविद्यालय पाटन में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन सड़क सुरक्षा थीम पर विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन लाल मीणा ने बताया कि यह सात दिवसीय विशेष शिविर 15 जनवरी 2026 से 21 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। शनिवार 17 जनवरी 2026 को शिविर का तीसरा दिन सड़क सुरक्षा को समर्पित रहा। राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व प्रभारी डॉ. योगेश कुमार सबल ने जानकारी दी कि कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत सड़क सुरक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने रचनात्मक ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किए।एनएसएस प्रभारी किरण यादव ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण संदेश दिए गए।कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा पोस्टर प्रदर्शन, नारेबाजी एवं जागरूकता रैली का आयोजन कर आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति सचेत किया गया। इसके साथ ही महाविद्यालय परिसर में महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत छात्राओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक गुर भी सिखाए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सहायक आचार्य ज्योति शर्मा, रितु शर्मा, दिनेश बैरवा, डॉ. धर्मवीर कुमावत, डॉ. सुमैया, डॉ. सीता मीणा, महेंद्र मधुकर वर्मा सहित अन्य स्टाफ सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### जरूरतमंदों को स्वेटर एवं कंबल बांटे

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर कस्बे की सामाजिक संस्था राजाणा मिट्टी प्रेमी सेवा समिति की ओर से एवं भामाशाह ईश्वरचंद अग्रवाल, प्रदीप कुंडलिया के आर्थिक सौजन्य से श्रीनाथ नगर गौशाला में कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष राजकरण विनायक, सामाजिक कार्यकर्ता विनोद पारीक, समाजसेवी पूनम चंद्र गर्ग, भजनलाल पारीक , भाजपा जिला प्रवक्ता पवन बोथरा, तुलसीराम पांडे, गौशाला के मंत्री गोरखाराम पांडे के सान्निध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें राजाणा मिट्टी प्रेमी सेवा समिति के भजन लाल पारीक ने कहा जरूरतमंदों की सेवा करना ही समिति का उद्देश्य है वर्तमान में कड़ाके की सर्दी को देखते हुए राजलदेसर कस्बे के भामाशाह ईश्वर चंद्र अग्रवाल प्रदीप कुंडलिया के द्वारा 250 कंबल 150 स्वेटर वितरित की गई। कार्यक्रम में विनोद पारीक ने बताया समिति के द्वारा प्रतिवर्ष जरूरतमंद परिवार जनों को गर्म वस्त्र वितरण किए जाते हैं। इसके अलावा जरूरतमंद परिवार को मकान का निर्माण करवाया जा रहा है अति शीघ्र ही तैयार होने वाला है। इस अवसर पर गौशाला के मंत्री गोरखाराम पांडे ने राजाणा मिट्टी प्रेमी संस्था का आभार जताते हुए भविष्य में इसी तरह से सहयोग करने की कामना की। कार्यक्रम में भगवानाराम कुचेरिया, भुवनेश्वर शर्मा, अभय सोनी, पवन मारू, दीनदयाल स्वामी, राजेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### रामनवमी की तैयारियों को लेकर बैठक

**सीकर,** (निसं)। भारतीय नववर्ष व रामनवमीं महोत्सव की तैयारियों को लेकर रामनवमीं आयोजन समिति की बैठक शेखावाटी जनाना हॉस्पिटल में शनिवार को हुई। जगदीश चौकड़ीका व कैलाश मोदी की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भारतीय नव वर्ष व रामनवमीं महोत्सव के आयोजन को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। रामनवमी आयोजन समिति के अध्यक्ष दिनेश बियाणी व महामंत्री शंकर भारती ने बताया कि बैठक में पदाधिकारियों व सदस्यों के बीच आगामी भारतीय नववर्ष व रामनवमीं के आयोजन की सफलता को लेकर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई। बैठक में तय किया गया कि धार्मिक आयोजनों को सर्व समाज की सहभागिता के साथ अधिक भव्यता के साथ मनाया जाएगा। बैठक में समिति पदाधिकारी चितरंजन सिंह राठौड़, जानकी प्रसाद इंदोरिया, शशि बहड़, राजेंद्र खंडेलवाल, राजीव शर्मा, मनोज शर्मा, रामसिंह पिपराली, गिरवर सिंह, मुरारी शुक्ला, अमित चिरानियां, सुनील जैन, जितेंद्र सिंह रानोली, भंवर सिंह शेखावत आदि मौजूद रहे।

## मंजू धायल असिस्टेंट प्रोफेसर बनीं

**पाटन** (निसं)। नीमकाथाना के निकटवर्ती ग्राम पंचायत हीरानगर निवासी मंजू धायल ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने सपनों को साकार करते हुए भूगोल विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयनित होकर गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

खास बात यह है कि उन्होंने यह सफलता पहले ही प्रयास में 26वीं रैंक प्राप्त कर हासिल की।मंजू धायल वर्तमान में मालनगर स्कूल में थर्ड ग्रेड अध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं और 13 वर्षों से शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दे रही हैं। अध्यापन कार्य के साथ-साथ उन्होंने स्वयंपाठी रहते हुए एमए (भूगोल) की पढ़ाई पूरी की, जो उनकी मेहनत और लगन को दर्शाता है।उन्होंने आरएएस परीक्षा भी तीन बार दी, हालांकि सफलता नहीं मिली, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उल्लेखनीय है कि मंजू धायल ने कहीं भी कोचिंग नहीं ली, बल्कि घर पर ही अपने पति के साथ पढ़ाई कर यह मुकाम हासिल किया। मंजू धायल का परिवार भी शिक्षा से गहराई से जुड़ा हुआ है। उनके पति स्वयं शिक्षक हैं, देवर प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत हैं, उनकी दो बहनें सरकारी अध्यापिका हैं और पिता सेवानिवृत्त शिक्षक रह चुके हैं। शिक्षा का यही वातावरण उनकी सफलता की मजबूत नींव बना।गौरतलब है कि मंजू धायल हीरानगर गांव की पहली महिला अध्यापिका बनी थीं और आज वे गांव की पहली महिला असिस्टेंट प्रोफेसर बनकर एक नया इतिहास रच चुकी हैं। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे गांव में खुशी और गर्व का माहौल है।मंजू धायल की सफलता ग्रामीण युवाओं और विशेषकर महिलाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है।

## सूरजगढ़ स्वास्थ्य केंद्र को 100 बैड बनाने की मांग तेज

**सूरजगढ़,** (निसं)। स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। सामाजिक संस्था जीवन ज्योति रक्षा समिति ने सूरजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को वर्तमान 30 बैड से बढ़ाकर 100 बैड क्षमता वाला बनाने की पुरजोर मांग को लेकर स्वायत्त शासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा को ज्ञापन सौंपा।

इससे पूर्व समिति ने उपखंड अधिकारी सूरजगढ़ को भी ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग दर्ज कराई थी। मंत्री खर्रा के सूरजगढ़ दौरे पर समिति के पदाधिकारियों ने उनसे मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन प्रस्तुत किया। ज्ञापन में जोर दिया गया कि बढ़ती जनसंख्या और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की मरीजों की संख्या को देखते हुए सूरजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की क्षमता वृद्धि अत्यंत आवश्यक है। इससे ना केवल स्थानीय लोगों को बेहतर इलाज मिलेगा। बल्कि दूर-दराज के मरीजों को भी जिला मुख्यालय जाने की मजबूरी से राहत मिलेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष डॉ. रवि शर्मा, सचिव बलवान भास्कर, सूचना मंत्री रविंद्र सांगवान, संचालक अशोक जांगिड़ सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। समिति के पदाधिकारियों ने मंत्री को अवगत कराया कि 100 बैड क्षमता वाले स्वास्थ्य केंद्र से सूरजगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में आपातकालीन सेवाएं, विशेषज्ञ चिकित्सक, उन्नत उपकरण और बेहतर बुनियादी ढांचा उपलब्ध हो सकेगा।

## रामादेवी महिला महाविद्यालय में कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन हुआ

**झुंझुनूं,** (निसं)। रामादेवी महिला महाविद्यालय हरनाथपुरा नूआं में शनिवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान में कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एबीआरएसएम झुंझुनूं डॉ. आशा मिश्रा ने की।

कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके तथा सरस्वती वंदना के साथ की गई। जिलाध्यक्ष डॉ. आशा मिश्रा ने विद्यार्थियों को कर्तव्य बोध के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि हम समाज के ऋणी है। इसलिए हमारा यह नैतिक कर्तव्य है कि हमें समाज के उत्थान के प्रति सदैव समर्पित रहना चाहिए। हमारे कर्तव्य किसी दूसरे के अधिकार हो सकते हैं। इसलिए हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन समझदारी के साथ करना चाहिए।

### कलश यात्रा निकाली

**कोलसिया,** (निसं)। बाय गांव में बाबा सुखरामदास एवं सियाराम बाबा सेवा समिति की ओर से कलश यात्रा मूर्ति स्थापना कार्यक्रम शनिवार से शुरू हो गया। ग्रामीण ओमप्रकाश खटकड़ ने बताया कि शनिवार सुबह कलश यात्रा डीजे के साथ गोपीनाथ जी मंदिर से शुरू होकर गांव की परिक्रमा करते हुए सेठ कालूराम हनुमान प्रसाद केडिया सीनियर सैकंडरी स्कूल के पास कार्यक्रम स्थल पहुंची।

## सार-समाचार

### भजन संध्या व महाआरती के साथ वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**रतनगढ़** (निसं)। श्री चौकवाले बालाजी मंदिर के वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रमों के अंतर्गत भजन संध्या में भक्ति-भाव की अविरल धारा बही। चोखो लागै म्हानै थारो दरबार चौकवाला बालाजी जैसे भावपूर्ण भजनों पर श्रोता झूम उठे और तालियों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। भजन संध्या का शुभारंभ बालाजी महाराज की परम आराधिका ललिता देवी व्यास द्वारा ज्योत प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके पश्चात नगर के प्रसिद्ध भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक सुमधुर प्रस्तुतियां देकर बालाजी महाराज का गुणगान किया। आयोजक व्यास परिवार की ओर से कुणाल व्यास ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत व आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में छोटू राजस्थानी, कुलदीप व्यास, राहुल व्यास, संतलाल महर्षि, बालकृष्ण धर्ड सहित अनेक कलाकारों ने बालाजी, मात भवानी, खाटू नरेश एवं श्रीराम के भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। फाल्गुनी धुनों पर प्रस्तुत भजनों पर मातृ शक्ति ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत, कांग्रेस नेता हेमंत सारस्वत, पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष बाबू इदौरिया, लीटू कल्पनाकान्त, समाजसेवी जयप्रकाश ताम्रायत, मनोज जोशी, रघुनंदन धर्ड, विकास रिणवां, विनोद डागा, प्रदीप कुमार धर्ड, कुलदीप चौधरी, अरुण रामगढ़िया सहित समाजसेवी, चिकित्सक,पत्रकार बंधु, बुद्धिजीवी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम देर रात्रि तक चला और महाआरती व प्रसादी वितरण के साथ भक्तिभावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर जनता क्लिनिक में दो रूम हीटर किये भेंट

**बिसाऊ** (निसं)। बिसाऊ के आयुष्मान आरोग्य मंदिर (जनता क्लिनिक) में दो रूम हीटर भेंट किए शहर में भाजपा के पूर्व महामंत्री सुभाष खटीक के जन्मदिवस के उपलक्ष पर उनके छोटे भाई एससी एसटी अधिकार मंच के अध्यक्ष इंद्राज चौहान वर्तमान मे अग्रणी होकर अपना तन मन धन से योगदान दे रहे है। जो जनता क्लिनिक की सुविधाओं को लेकर निरन्तर प्रयासरत हैं। वो चाहते है कि इस केंद्र पर बेहतर सुविधाएं मिल सके। और सर्दियों में मरीजों व स्टाफ को ठंड से बचाने के लिए दो रूम हीटर भेंट किया यह एक अच्छा कदम है, जिससे लोगों को घर के पास बेहतर और आरामदायक इलाज मिल सकेगा। गौरतलब है कि इंद्राज चौहान जनता क्लीनिक की सुविधाओं को लेकर प्रयास कर रहे है नगर पालिका ने संज्ञान लेते हुए साफ सफाई हेतु मनरेगा की महिलाओं को पिछले 4 दिनों से साफ सफाई के लिए लगा रखा है।

## भागवत कथा को लेकर कलश यात्रा आज

**चूरू** (निसं)। स्थानीय शिव कॉलोनी स्थित वार्ड 31 व 32 में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 18 से 24 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है।

कथा को लेकर 18 जनवरी रविवार को प्रातः 11 बजे शिव मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। पवन भगत ने बताया कि कलश यात्रा में राधा-कृष्ण व बालाजी महाराज की झांकी आकर्षण का केंद्र होगी। कथावाचक पं. पवन प्रसाद शास्त्री अपनी मधुर वाणी से स्थानीय भाषा में कथा का वाचन करेंगे। कलश यात्रा शिवालय से रवाना होकर मुख्य मार्गों से होते हुए चमत्कारी गोगामेड़ी गोरखधाम पहुंचेगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 12:30 से 3 बजे तक आयोजित की जायेगी।

**आम सूचना**

सूचित किया जाता हैं कि पंचायत पांचो अखाड़ो के समस्त पांच भंडारी जमात उदयपुर' के नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन हो गया है। यदि किसी भी व्यक्ति या संस्था को वर्तमान कार्यकारिणी से सम्बंधित कोई भी आपत्ति हो तो संस्था के पंजीकृत कार्यालय या कार्यालय उपरजिस्ट्रार संस्थाये झुंझुनू में 7 दिवस के भीतर अपनी अप्पति दर्ज कराएं।

